समाचार

निगम द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान

(आज स्मृति उद्यान में किया गया विशेष सफाई का कार्य)

कोरबा 12 मार्च 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा '' स्वच्छता का जादू '' आई.ई.सी. कैम्पेन के तहत विगत 05 मार्च से विभिन्न स्थानों में स्वच्छता अभियान चला कर विशेष साफ–सफाई के कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज स्मृति उद्यान में अभियान चलाकर विशेष स्वच्छता के कार्य किए गए।

यहां उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा '' स्वच्छता का जादू '' आई.ई.सी. कैम्पेन लाच किया गया है, जिसके तहत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत 05 मार्च से क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों, जलस्त्रोतों, बोरवेल्स पाइंट्स, गारवेज पाइंट्स, खुले प्लाट, उद्यान, बस स्टैण्ड सहित अन्य स्थलों की सफाई एक विशेष अभियान के रूप में की जा रही हैं। इस कड़ी में 05 मार्च को पुराने कोरबा शहर स्थित लक्ष्मण नाला, 06 मार्च को बुधवारी बाजार, 08 मार्च को गारवेज वेनखेल पाइंट रविशंकर नगर, 09 मार्च को पोड़ीबहार तालाब, 10 मार्च को सभी क्षेत्रों के लैण्ड फिल्ड क्षेत्र की सफाई व 11 मार्च को नया बस स्टैण्ड टी.पी.नगर में विशेष सफाई का कार्य किया गया, वहीं आज 12 मार्च को स्मृति उद्यान में अभियान चलाया गया तथा सफाई कार्य किए गए। इसी कड़ी में 05 मार्च से निगम के समस्त जोन में स्थित खुले प्लाट एवं सड़कों पर बिखरे मलवे की सफाई का कार्य किया जा रहा है, जो 19 मार्च तक जारी रहेगा। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों की विशेष सफाई का कार्य 11 मार्च से प्रारंभ कर दिया गया है, जिसके तहत क्रमशः सभी शौचालयों को एक अभियान चलाकर स्वच्छ, साफ किया जाएगा तथा 15 मार्च तक यह कार्य जारी रहेगा।